# भगवती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय

## गंगापुर सिटी , जिला –सवाई माधोपुर , राजस्थान

### आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ

### Internal Quality Assurance Cell, IQAC

### सत्र 2019–20

आज दिनांक 24–07–2019 को आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की बैठक IQAC कक्ष में प्रातः 10 बजे आयोजित हुई।

बैठक मे निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे –

| नाम | हस्ताक्षर |
| --- | --- |
| 1. डॉ. कृष्ण कान्त शर्मा | |
| 2. डॉ. अनुज कुमार शर्मा | |
| 3. श्री केशव लाल गुप्ता | |
| 4. श्री विजय राज त्रिवेदी | |
| 5. श्रीमति मनीषा श्रीवास्तव | |
| 6. सुश्री मोना मथुरिया | |
| 7. डॉ. अनिल कुमार शर्मा | |
| 8. श्री दिनेश कुमार सिंघल | दिनेश सिंघल |
| 9. डॉ. स्मिता भटनागर | Smita |
| 10. श्री राकेश व्यास | |
| 11. श्री गौरव शर्मा | गौरव शर्मा |

बैठक में सर्वसम्मति से निम्न निर्णय लिए गए –

1. एम.एड., बी.एड., बी.ए.बी.एड., बी.एससी.बी.एड. तथा डी.एल.एड. कोर्स में प्रवेश लेने वाले नये छात्र–छात्राओं के लिए ओरियन्टेशन कार्यक्रम आयोजित किया जावें।
2. सभी छात्र छात्राओं के लिए ICT की कार्यशाला का आयोजन किया जावें।
3. प्रत्येक वर्ष की भांति महाविद्यालय में हाउस टूर्नामेन्ट, एस.यू.पी.डबल्यू कैम्प तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जावें।
4. शिक्षकों की व्यवसायिक अभिक्षमता में अभिवृद्वि हेतु कार्यशाला / अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया जावें।

5. प्रशिक्षणार्थियों में चारित्रिक एवं मानवीय गुणों के विकास हेतु उत्सव एवं जयन्तियों का आयोजन किया जावें।
6. सामाजिक कार्यक्रम यथा वृक्षारोपण, पर्यावरण उन्नयन, साक्षरता से सम्बन्धित रैली, कैम्प, अतिथि व्याख्यान आदि का आयोजन किया जावें।
7. पूर्व वर्ष की भांति महाविद्यालय के प्रवक्ताओं के द्वारा चिन्हित स्लो लर्नर के लिए उपचारात्मक कक्षाओं का आयोजन किया जावें।
8. राज्य सरकार के द्वारा आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए महाविद्यालय में प्रतियोगी कक्षाओं का आयोजन सुनिश्चित किया जाये जिससे छात्र–छात्राएं अधिकाधिक लाभान्वित हो सके ।
9. महाविद्यालय में राष्ट्रीय संगोष्ठी /कार्यशालाओं का आयोजन किया जावें।
10. छात्र–छात्राओं के व्यक्तित्व विकास हेतु महाविद्यालय में सम्प्रेषण कौशल, मेडिटेशन, जीवन कौशल, उपभोक्ता जागरूकता, मानवाधिकारों की जानकारी, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ भारत अभियान, स्वास्थ्य जागरूकता, नशा मुक्ति अभियान जैसे सामाजिक व नागरिक कार्यक्रम आयोजित किये जावें।
11. महाविद्यालय में विद्यार्थियों की बेहतर सहायता के लिए मेन्टरिंग व्यवस्था की जावें।

बैठक का समापन समन्वयक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ ।

Smita दिनेश सिंघल गौरव शर्मा

# भगवती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय

## गंगापुर सिटी , जिला –सवाई माधोपुर , राजस्थान

### आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ

### Internal Quality Assurance Cell, IQAC

### सत्र 2019–20

आज दिनांक 25–04–2020 को आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की ऑनलाइन बैठक प्रातः 10 बजे आयोजित हुई। बैठक में आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के सभी 11 सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से निम्न निर्णय लिये गये–

1. देश में कोविड–19 महामारी के कारण भारत सरकार द्वारा सम्पूर्ण लॉकडाउन घोषित किया हुआ है इसलिए सभी व्यक्तियों को घर से बाहर जाकर कार्य करना प्रतिबन्धित है अतः सभी व्यक्ति अपने अपने घरों पर ही रहने के लिए मजबूर है, जिससे उनका मानसिक स्वास्थ्य बिगड रहा है और तनाव ग्रस्त रहने लगे हैं इसलिए IQAC की ऑनलाइन बैठक में निर्णय लिया गया कि महाविद्यालय द्वारा एक बेवीनार आयोजित करवायी जावें जिसका विषय मानसिक स्वास्थ्य से सम्बन्धित हो, जिससे महामारी एवं घर में सीमित रहने से जो तनाव पैदा हो रहा है एवं मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है उससे छुटकारा मिल सके।
2. बैठक में निर्णय लिया गया कि महाविद्यालय के सभी शिक्षक, प्रशिक्षणार्थियों से दूरभाष द्वारा सम्पर्क करके उन्हे कोविड–19 गाइडलाइन का पालन करने, सोशल डिस्टेन्सिग बनाये रखने तथा मास्क बनाकर वितरण करने के लिए प्रेरित करे।
3. बैठक के अन्त में निर्णय लिया गया कि IQAC की आज के प्रतिवेदन को महाविद्यालय खुलने पर टाइप कराकर सभी सदस्य हस्ताक्षर कर देंगे।

बैठक का समापन समन्वयक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ ।

आज दिनांक 01 जुलाई 2020 को निम्नांकित सदस्यों ने प्रतिवेदन पर हस्ताक्षर किये

Manisha Mona दिनेश सिंघल

(डॉ. कृष्ण कान्त शर्मा) (डॉ. अनुज कुमार शर्मा) (श्री केशव लाल गुप्ता) (श्री विजय राज त्रिवेदी)

(श्रीमति मनीषा श्रीवास्तव) (सुश्री मोना मथुरिया) (डॉ. अनिल कुमार शर्मा) (श्री दिनेश कुमार सिंघल)

Smita गौरव शर्मा

(डॉ. स्मिता भटनागर ) (श्री राकेश व्यास) ( श्री गौरव शर्मा)

# भगवती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय

## गंगापुर सिटी , जिला –सवाई माधोपुर , राजस्थान

आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ

Internal Quality Assurance Cell, IQAC

**सत्र 2019–20**

दिनांक 07.06.2020 को आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की बैठक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जूम पर प्रातः 10 बजे आयोजित हुई।

बैठक मे निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे–

| नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|
| 1. डॉ. कृष्ण कान्त शर्मा | |
| 2. डॉ. अनुज कुमार शर्मा | |
| 3. श्री केशव लाल गुप्ता | |
| 4. श्री विजय राज त्रिवेदी | |
| 5. श्रीमति मनीषा श्रीवास्तव | |
| 6. सुश्री मोना मथुरिया | |
| 7. डॉ. अनिल कुमार शर्मा | |
| 8. श्री दिनेश कुमार सिंघल | दिनेश सिंघल |
| 9. डॉ. स्मिता भटनागर | Smita |
| 10. श्री राकेश व्यास | |
| 11. श्री गौरव शर्मा | गौरव शर्मा |

बैठक में सत्र 2019–20 में महाविद्यालय में किये गये कार्यो का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया तथा उनकी समीक्षा भी की गई। समन्वयक श्री केशव लाल गुप्ता ने बताया कि महाविद्यालय के सत्र प्रारम्भ में ओरियन्टेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सत्र 2019–20 में महाविद्यालय में होने वाली पाठ्यक्रमानुसार कक्षान्तर्गत एवं कक्षेत्तर गतिविधियों एवं वार्षिक योजना की जानकारी प्रशिक्षणार्थियों को दी गयी। प्रशिक्षणार्थियों द्वारा 04 सदनो का गठन किया गया जिसमें सदन प्रभारी, सह प्रभारी एवं शिक्षक प्रभारी का चयन सर्वसम्मति से किया गया। महाविद्यालय में विद्यार्थियों की बेहतर सहायता के लिए दिनांक 08.08.2019 को मेंन्टरिंग व्यवस्था में महाविद्यालय के सभी 929 प्रशिक्षणार्थियों को सदस्य बनाया तथा मेंन्टर नियुक्त किये गये। महाविद्यालय में सत्र 2019–20 में 06 अतिथि व्याख्यान हुए, जिनमें विभिन्न विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया। पर्यावरण संरक्षण पर अतिथि व्याख्यान दिनांक 26.08.2019 को हुआ। दिनांक 03.09.2019 से 19.09.2019 तक

Smita गौरव शर्मा दिनेश सिंघल

प्रशिक्षणार्थियों का सूक्ष्म शिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें डॉयलाग मैथड तथा प्रदर्शन प्रविधि द्वारा विभिन्न शिक्षण कौशलो का विकास किया गया। महाविद्यालय में दिनांक 08.09.2019 को अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर नुक्कड नाटक रचा गया जिसका विषय साक्षरता का महत्व था। विश्व स्वच्छता दिवस दिनांक 24.09.2019 को प्रशिक्षणार्थियों द्वारा '' क्लीन गंगापुर सिटी'' विषय पर रैली निकाली गयी। महाविद्यालय में दिनांक 03.10.2019 को मेडिकल चैकअप कैम्प एवं दिनांक 04.10.2019 को मेडिटेशन कैम्प लगाया गया। इसी प्रकार दिनांक 09.10.2019 को हैल्थ अवेयरनेस कार्यक्रम रखा गया जिसका विषय डेंगू महामारी था। दिनांक 04.11.2019 से 16.11.2019 तक महाविद्यालय में कैरियर काउन्सलिंग कैम्प लगाया गया जिसमें 130 विद्यार्थियों ने भाग लिया। महाविद्यालय में दिनांक 26.11.2019 से 30.11.2019 तक खेलकूद महोत्सव का आयोजन हुआ। दिनांक 10.12.2019 को मानवाधिकार विषय पर वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में दिनांक 17–18 दिसम्बर 2019 में शिक्षकों की व्यावसायिक अभिक्षमता अभिवृद्धि (ई.पी.सी.) पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। दिनांक 11.01.2020 को '' विद्यालयों में प्लास्टिक बैग के नुकसान'' विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25.01.2020 के अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली शहर में निकाली गयी। दिनांक 03.02.2020 को ''लिंग भेद'' विषय पर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता आयोजित करवायी गयी। महाविद्यालय में स्लो लर्नर्स के लिए रेमेडियल क्लासेज दिनांक 04.02.2020 से 18.02.2020 तक लगायी गयी। दिनांक 11.02.2020 को ''उपभोक्ता के अधिकार'' विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित करवायी गयी। महाविद्यालय में नशा मुक्ति पर अवेयरनेस कार्यक्रम दिनांक 15.02.2020 को किया गया। महाविद्यालय का ओपन एयर सेशन दिनांक 17.02.2020 से 20.02.2020 तक हुआ। इसी प्रकार 05.03.2020 से 07.03.2020 तक महाविद्यालय में सास्कृतिक सप्ताह का आयोजन हुआ। दिनांक 20.05.2020 को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से महाविद्यालय द्वारा वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा के सहयोग से एक दिवसीय राष्ट्रीय बेवीनार का आयोजन किया जिसका विषय ''मेन्टल हैल्थ एण्ड काउन्सलिंग ड्यूरिंग कोविड–19 पेन्डेमिक'' था।

17.03.2020 से कोविड–19 महामारी के कारण राजस्थान द्वारा धारा 144 लगाकर अग्रिम आदेश तक सभी शैक्षणिक संस्थाओं में शैक्षणिक कार्यो को बंद करवा दिया गया और 25.03.2020 से केन्द्र सरकार द्वारा देश में सम्पूर्ण लॉकडाउन लगा दिया गया। अतः ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से गतिविधियां प्रारम्भ हुई जिसमें महाविद्यालय द्वारा दिनांक 20.05.2020 को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा के सहयोग से एक दिवसीय राष्ट्रीय बेवीनार का आयोजन किया

IQAC समिति के द्वारा समस्त समितियों से उनके कार्य की रिपोर्ट प्राप्त करके महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन तैयार कर लिया है, जो अवलोकन के लिए उपलब्ध है। इस प्रतिवेदन को प्राचार्य को सुपुर्द किया जाना है जिससे शिक्षा समिति को भेजा जा सके।

बैठक का समापन समन्वयक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ ।

# BAGWATI SHIKSHAK PRASHIKSHAN MAHAVIDYALAYA
## GANGAPUR CITY, DIST. SAWAI MADHOPUR

| Plan of Action Chalked out by IQAC for the year 2019-20 | |
|---|---|
| **Plan of Action** | **Achievements** |
| Induction Programme for newly admitted students to be conducted to provide information about the institution and activities being organized | Induction Programme organized. |
| To develop ICT skill a workshop to be arranged for newly admitted student teachers. They may learn about the properutilization and techniques to use latest audio-visual aids. | Organized successfully |
| House tournament be organized through four houses during the session | House Tournament organized Successfully in the month of November and cultural activities conducted in the month of March |
| To inculcate social responsibility in student teachers socially useful welfare programmes like rallies, camps, guest lectures be planned to be organized | Rallies, camps and guest lectures organized successfully. |
| Motivation be given to the faculty members to participate in seminars and student teachers to actively participate in all co-curricular, social activities organized by the institution | Faculty members participated in seminarsand student teachers actively participatedin co-curricular activities through their respective houses and in social activities organized by the institution. |
| Remedial classes for identified slow learners to be organized. Student teachersof the institution be extended facility of coaching for Rajasthan Eligibility Examination for Teachers (REET), II grade teachers (School lecturer) entrance exam. | Organized remedial classes successfully. **Coaching classes successfully run by the faculty members and 02 students qualified in REET exam, 03 students got selected in II grade exam** |
| Plantation Programme to be organized in the nearby village | Plantation Programme organized. |
| Medical camp for the student teachers be arranged for general check -up. | Organized successfully. Blood Pressure, height and weight was checked up. |

(Dr. Krishna Kant Sharma) (Dr. Anuj Kumar Sharma) (Vijay Raj Trivedi) (Keshav Lal Gupta)

(Mona Mathuria) (Manisha Srivastav) (Dr. Anil Kumar Sharma) (Dinesh Singhal)

(Dr, Smita Bhatnagar) (Rakesh Vyas) ( Gaurav Sharma)